तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 30 जुलाई 2025

14 जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनबाड़ी और छात्रावास संचालन ....



14 बेलसोंडा में हुआ खेल कलेवा कार्यक्रम




B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# 4 साल से सीमांकन और नक्शा दुरुस्त कराने युवक लगा रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

चार वर्षों से सीमांकन और नक्शा दुरुस्त किए जाने को लेकर भटक रहे युवक ने मंगलवार को जिला कलेक्टर को अपना अंतिम आवेदन सौंपते हुए कहा है कि राजस्व विभाग की लापरवाही और टालमटोल के कारण उनकी भूमि संबंधी प्रकरण अधर में लटका हुआ है साथ ही उनका भविष्य, पढ़ाई और आजीविका भी प्रभावित हो रही है।

सौंपे गए आवेदन में बताया है कि 2021-22 में, जब मधुस्मिता पति ज्योतिष ने उनकी भूमि पर अवैध घेराबंदी की तब अविनाश द्वारा तहसीलदार बसना को अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन दिया, तब तत्कालीन तहसीलदार के आदेश पर पटवारी मौके पर पहुंचे, पंचनामा तैयार हुआ। लेकिन, कार्रवाई अधूरी छोड़ दी गई।

2025 में बार-बार आवेदन देने के बाद 15 जुलाई को सीमांकन का कार्य पूर्ण कर मौके पर पंचनामा भी बनाया गया। इसके बावजूद आज 29 जुलाई तक न सीमांकन रिपोर्ट जमा हुई है और न ही नक्शा दुरुस्ती पूरी हुई है।

## विभागीय लापरवाही, मंगलवार को युवक ने कलेक्टर को सौंपा अंतिम आवेदन

### दस्तावेजों के बावूजद रोकी गई फाईल

राजस्व निरीक्षक बसना, राकेश साहू का कहना है कि बसना में उपलब्ध पुराने नक्शों पर आरआई, पटवारी, स्क्रीनिंग अधिकारी और भूअभिलेख अधीक्षक के हस्ताक्षर नहीं हैं इसलिए मैं नक्शा दुरुस्ती नहीं करूंगा। अविनाश का कहना है कि सालों से इन्हीं नक्शों पर अन्य लोगों का काम होता आया है और उनके पास 1985 से 86 का प्रमाणित, हस्ताक्षरित नक्शा की सत्यप्रतिलिपि भी उपलब्ध है, फिर भी उनकी फाइल को रोका जाना स्पष्ट अन्याय है।



### अवैध कब्जा करने वालों का हो गया दुरुस्तीकरण

आरोप है कि जिन लोगों ने उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किया मधुस्मिता पति ज्योतिष, फकीर कुमार देवता पिता गुणसागर और पार्वती पति शरदचंद्र उनके नाम पर तो ऑनलाइन नक्शा दुरुस्ती कर दी गई। युवक ने सीमांकन टीम, 2 राजस्व निरीक्षक और 5 पटवारियों के द्वारा जो सीमांकन कार्य पूर्ण किया गया है उसकी अंतिम रिपोर्ट और नक्शा जारी करने की मांग है।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब बेच रहे तीन लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम धनसुली के तालाब किनारे से पुलिस ने महुआ शराब बिक्री करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी नूनकर विश्वकर्मा पिता सदाराम विश्वकर्मा (59 वर्ष), झलक गाडा पिता त्रिलोचन गाडा (42 वर्ष), हेमलाल पिता त्रिलोचन गाडा (31 वर्ष) धनसुली थाना व जिला महासमुंद के कब्जे से कुल 17 लीटर महुआ शराब कीमत 3400 रुपए एवं शराब की बिक्री रकम 600 रुपए जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सांकरा पुलिस ने ग्राम चारभांठा में आरोपी अजीत चौहान पिता टप्पूलाल चौहान (40 साल) के कब्जे से छह लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमती 1200 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### भीखापाली में एक व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम भीखापाली में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सविता कुर्रे ने बताया कि 20 जुलाई को दोपहर 1:30 से 02 बजे के मध्य गांव का बहादुर सोनवानी उसके पति मेलाराम कुर्रे को बुलाने आया और घर के सामने गली में ले जाकर किसी बात को लेकर मेलाराम कुर्रे केसाथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। इसके बाद प्रार्थिया अपनी सास और जेठानी के साथ जाकर बीच बचाव किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी

**महासमुंद।** ग्राम मुंडपहार में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी के मामले में बलौदा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम छग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लि. बलौदा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि बलौदा वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम मुंडपहार में लगे ट्रांसफार्मर के क्वाइल एवं ऑयल कुल कीमत करीब 30 हजार रुपए को 24-25 जुलाई के मध्य अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ई) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### सिरपुर में गंधेश्वर मंदिर के पास मारपीट

**महासमुंद।** सिरपुर में गंधेश्वर मंदिर के पास मारपीट करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोपाल ध्रुव निवासी सिरपुर और उसके साथी गंधेश्वर मंदिर के पास गंगा आरती के लिए टेंट लगाए थे। इस दौरान वे हाथ पैर धोने के लिए गंधेश्वर मंदिर के सामने नल में गए थे,तभी कुछ लोगों ने वहां आकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट किए जाने से प्रार्थी के सिर, बाएं कान के पीछे, बांये हाथ की कोहनी में चोट लगी है, वहीं उसके साथी चैनसिंग निषाद के सिर में , रिंकू ठाकुर के पीठ, बांये हाथ में चोट लगी है। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

**समस्या:** बिजली उपकरण हो रहे खराब, रात में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

# लगातार बारिश से चरमराई बिजली व्यवस्था, गांवों में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय के लगे गांवों में बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। जिसके कारण गांवों में पेयजल संकट समेत अनेक समस्या उत्पन्न हो गई है। बार-बार बिजली बंद चालू के चलते अनेक कार्य प्रभावित है। ग्राम लाफिनखुर्द, बम्हनी, चिंगरौद और बरोंडाबाजार जैसे बड़े गांवों में बिजली बंद होने की शिकायत हैं।

जानकारी के अनुसार बिजली बंद होने से लोगों को रात में अंधेरे में रहना पड़ रहा है। बिजली गुल होने का कारण लाइटनिंग (आकाशीय बिजली) है। जिसके कारण फाल्ट आई है। लेकिन, अब तक सुधार कार्य नहीं किया गया। बार-बार बिजली बंद चालू होने से अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी खराब हो रहे हैं। वहीं गांवों में नल जल योजना के तहत पेयजल सप्लाई भी बाधित हो रहा है। इस संबंध में शिकायत करने पर बिजली विभाग के ग्रामीण शाखा का फोन बंद आ रहा है। जिसके कारण ग्रामीण अपनी शिकायत भी दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। विभागीय मनमानी के चलते ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। समय पर विभाग द्वारा ओर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीण उग्र हो सकते हैं।





### महिलाओं को भारी परेशानी

चिंगरौद सरपंच छेरकू जलछत्री ने बताया कि टंकी से पानी नहीं उपलब्ध नहीं हो रहा है। वहीं एक पंप जो बिजली के बिना पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। पानी सप्लाई बाधित होने से गांव की महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में बेहद निराशा है।

### हैंडपंप का पानी पीने योग्य नहीं

बम्हनी के महिलाओं का कहना है कि टंकी से ही पूरे गांव को जलापूर्ति होती है। लेकिन, घंटों बिजली गुल होने से टंकी में पानी नहीं भर पाया है। बार-बार बिजली बंद चालू के चलते मुश्किल 1 से 2 बाल्टी ही पानी भर पा रहे है। बरसात के दिनों में बोरिंग का पानी पीने लायक नहीं है।

### स्कूली छात्रों को पढ़ाई में आ रही समस्या

छात्रों का कहना है कि गांव में बिजली के बार बार बंद होने से पढ़ाई करने में परेशानी हो रही है। आने वाले समय मासिक टेस्ट एवं त्रैमासिक परीक्षा है। इसकी तैयारी में जुटे है। किंतु, बिजली की लचर व्यवस्था अध्ययन कार्य प्रभावित हो रहा है।

# पांच दिन से लापता युवक का शव बाग नदी से बरामद

## बेरहमी से की गई हत्या, युवकों की हुई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

बीते पांच दिनों से लापता युवक अमित चौधरी का शव मंगलवार देर शाम डोंगरीपाली स्थित हरिओम राइस मिल के पीछे बाग नदी से बरामद हुआ। पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने इस मामले में राज तिवारी नामक युवक सहित ग्राम लाखागढ़ और सेवैया के 4–5 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद और खुलासे होंगे।


हरेली के दिन से लापता युवक का अब तक नहीं मिला सुराग, जली हालत में हुई बाइक बरामद

मिली जानकारी अनुसार, 24-25 जुलाई की रात से अमित चौधरी लापता था। जिसके बाद परिजनों ने पिथौरा थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके दो दिन बाद 27 जुलाई को उसकी अपाचे मोटरसाइकिल पिलवापाली के जंगल में जली हुई हालात में मिली थी, जिससे किसी अनहोनी की आशंका पहले ही जताई जा रही थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अमित चौधरी की निर्दयतापूर्वक हत्या कर शव को बाग नदी में पुल से लगभग आधा किलोमीटर अंदर रेत में गड्ढा खोदकर दबा दिया था। पुलिस को सूचना मिलने के बाद आरोपी को घटनास्थल ले जाकर जांच की गई, जहां शव की पुष्टि हुई। और देर शाम शव को निकाला गया। मृतक अमित चौधरी बजाज फाइनेंस लिमिटेड में रिकवरी एजेंट के रूप में कार्यरत था और क्षेत्र में कलेक्शन का काम करता था। हत्या किन कारणों से की गई, इसका खुलासा पुलिस द्वारा आगे की जांच के बाद होगा।

मामले में पिथौरा पुलिस और साइबर सेल की टीम ने अलग-अलग पहलुओं पर पड़ताल कर रही थी। अंततः आरोपियों तक पुलिस पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस की मानें तो अभी मामले में जांच जारी है जिसके बाद पूरे प्रकरण का खुलासा किया जाएगा।

# मुरई धोवा पुल पर हुई मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद से तुमगांव मार्ग पर ग्राम बेमचा व परसदा के बीच क्षतिग्रस्त पुल का हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद संबंधित विभाग ने तत्काल संज्ञान लेकर मरम्मत कार्य गया। क्षतिग्रस्त स्थान पर सीमेंट से ढलाई का कार्य कराया गया है, जो बारिश के कारण सूखा नहीं है। सूखने के बाद ही आवागमन का कार्य शुरू हो पाएगा। अभी पुल के आधा हिस्सा में ही आवागमन हो रहा है। बता दें कि तुमगांव मार्ग पर ग्राम बेमचा और परसदा के बीच मुरई धोवा नाला में बने पुल धंस गया था। यहां अनेक लोग इस गिरकर चोटिल हो चुके हैं। यहां बीते दिनों एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार जारी है। इस हादसे के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर स्टापर लगा दिया। राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर हरिभूमि में 28 जुलाई की अंक में मुरईधोवा नाला पुल धंसा, एक व्यक्ति घायल शीर्षक के साथ खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद लोक निर्माण विभाग ने तत्काल पुल का मरम्मत कार्य कराया गया।


खबर का असर
मुरई धोवा पुल धंसा, एक व्यक्ति घायल

### नयापारा से 42 हजार रुपए का गांजा जब्त

**महासमुंद।** नगर के नयापारा इलाके से 42 हजार रुपए से ज्यादा का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि नयापारा वार्ड नं 8 में अशोक यादव अपने घर के सामने पोर्च में एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला में गांजा रख कर काले रंग के पॉलिथीन बैग में अपने पास रखे इलेक्ट्रानिक मशीन से तौल कर बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी अशोक यादव पिता स्व दिगबल यादव (35 वर्ष) निवासी वार्ड नं. 08 नयापारा महासमुंद अपने घर के सामने पोर्च में बैठा हुआ उपस्थित मिला, जो कि अपने पास एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैले में मादक पदार्थ गांजा थैला रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से 2.811 किलोग्राम गांजा कीमत 42165 रुपए, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, मोबाइल जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### जिले में अब तक 519.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 519.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 715.9 मिलीमीटर, सरायपाली में 544.7 मिलीमीटर, बसना में 530.7 मिलीमीटर, महासमुंद में 462.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 460.9 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 404.1 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 29 जुलाई को 9.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बागबाहरा तहसील में 15.7 मिलीमीटर, कोमाखान में 15.2 मिलीमीटर, बागबाहरा में 12.4 मिलीमीटर, पिथौरा में 5.4 मिलीमीटर, बसना में 3.0 मिलीमीटर एवं सरायपाली तहसील में 2.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# नए शिक्षा सत्र को 40 से अधिक दिन बीत जाने के बाद भी अब तक बच्चों के पास नहीं हैं किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले शिक्षा सत्र शुरू हुए लगभग 40 से अधिक दिन बीत गये लेकिन यह शिक्षा सत्र अब भी समस्याओं के दौर से गुजर रहा है। शुरुआत में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की वजह से शिक्षा विभाग को शिक्षकों के विरोध व आक्रोश का भी सामना करना पड़ा। स्कूलों के मर्ज होने के कारण भी कई क्षेत्र में समय पर स्कूल नहीं खोले जा सके। इसके बाद बड़ी चुनौती अब किताब वितरण को लेकर आ पड़ी है। नया शिक्षा सत्र के लिए 16 जून से स्कूल खोले जाने के 40 से अधिक दिन बीत गये लेकिन स्कूली बच्चों तक किताबें नहीं पहुंची हैं।



अगले महीने सितंबर के पहले हफ्ते से बच्चों की तिमाही परीक्षा होने वाली है। जिला शिक्षा विभाग के मुताबिक जिले भर में 2221 स्कूलों में कुल 9 लाख 60 हजार 147 पुस्तकों का वितरण करना था। लेकिन विभाग अब तक 6 लाख 35 हजार पुस्तकें वितरित होने का दावा कर रहा है। इनमें 1 लाख 43 हजार 824 बच्चों को अलग-अलग विषयों की 4 लाख 18 हजार 859 पुस्तकें बांटी गई हैं। जबकि स्कूलों में हिंदी, पर्यावरण, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों की पुस्तकें अब तक नहीं पहुंची हैं। इसी तरह कुल 2 लाख 75 हजार 147 किताबों का वितरण अभी बाकी है। विभाग की बात करें तो अब तक 84 फीसदी किताबें स्कैन की जा चुकी है। 1लाख 45 हजार 728 किताबों का स्कैन हुआ लेकिन वितरण नहीं किया जा सका है। 6 लाख 72 हजार किताबें जिले के स्कूलों में वितरित किये जाएंगे। लेकिन आज दिनांक तक 4 लाख, 18 हजार 859 विद्यार्थियों तक ही किताबें पहुंची है और 5 लाख, 64 हजार 587 किताबें स्कैन तो हुई हैं लेकिन बच्चों के हाथ ने नहीं पहुंची हैं।

### अभी तक नहीं पहुंच पाई है बची पुस्तकें

माध्यमिक शिक्षा मंडल से और किताबें अभी तक नहीं आई है। अब तक जितनी आई थीं, उनमें से अधिकांश का वितरण किया जा चुका है। विभाग के पोर्टल में तकनीकी त्रुटिवश हिंदी की जगह अंग्रेजी और अंग्रेजी की जगह हिंदी माध्यम की पुस्तकें शो हो रही थी। जिसे बाद में सुधार लिया गया है। स्कूल और बच्चों तक पुस्तकें शीघ्र पहुंचाए जाने का दावा विभाग कर रही है।

## क्षेत्र के लोगों ने की पुलिस पेट्रोलिंग व्यवस्था करने की मांग


# हादसे के बाद भी सैलानियों के लिए सुरक्षा सुविधा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में सैलानियों को लुभाने वाले घसकुढ़ झरना में बीते 15 दिन पहले एवं शनिवार के दिन हुए हादसे के बावजूद अब तक प्रशासन सैलानियों के सुरक्षा के लिए अब तक कोई पहल नहीं की है। बता दें कि घसकुढ़ के अलावा शिशुपाल पर्वत स्थित जलप्रपता एवं अन्य छोटे बड़े जल प्रपात और पर्यटन स्थल हैं जहां बारिश के दिनों में लोग प्रकृति के बीच पहुंचते हैं। लेकिन, इन जलप्रपातों में सुरक्षा को लेकर प्रशासन की कोई से अब तक कोई सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश जारी नही हुए हैं।




घसकुढ़ में बीते दिनों हुए हादसे के चलते अब ग्राम पंचायत चुहरी के ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग की मांग की है। ग्राम पंचायत द्वारा चौकी प्रभारी सिरपुर को एक पत्र लिखकर निवेदन किया गया है कि धसकुड झरने में बीते 15 दिनों के भीतर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्रवासियों और पर्यटकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्राम पंचायत ने पत्र में आग्रह किया है कि झरने के पास तुरंत प्रभाव से पुलिस पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाए और कम से कम दो जवानों की स्थायी ड्यूटी लगाई जाए, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा अभी तक कोई पहल नहीं की गई है, ऐसा लगता है कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही मुख्य मार्ग पर बैरिकेडिंग करेंगे या फिर जवानों की तैनाती करेंगे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले गरियाबंद के वॉटरफॉल में एक हादसा हुआ था जिसमें एक युवती की मौत हो गई थी। हादसे के बाद जिला प्रशासन ने तुरंत संज्ञान में लिया और वॉटरफॉल को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया।



### हाल में हुआ है बढ़ा हादसा

धसकुड़ जलप्रपात पर रील बनाने के चक्कर में एक युवक 40 फीट की ऊंचाई से नीचे पत्थरों पर जा गिरा। यह घटना शनिवार की है। जब बलौदाबाजार जिले के ग्राम छेरकापुर निवासी युवक धंसकुड़ जलप्रपात के ऊपरी हिस्से पर चढ़कर वीडियो बनाने की कोशिश कर रहा था। यहां वीडियो बनाते समय उसका पैर फिसल गया और वह 40 फीट नीचे पत्थरों पर जा गिरा।

### शराबखोरी बनी परेशानी

स्थानीय लोगों और पर्यटकों के अनुसार, धसकुड अब शराबियों का डेरा बन चुका है। शराब पीकर तालाब और जलप्रपात में कूदना, चिल्लाना, महिलाओं और परिवारों के लिए असहज वातावरण तैयार कर रहा है। इन लोंगों के वजहो से दुसरे जिले से आने वाले पर्यटक भी परेशान होते है इसकी वजह से लोग ठीक से घूमने का भी आनंद नहीं ले पाते है।

## सड़क पर गिट्टी के ढेर, हादसे की आशंका



**महासमुंद।** जिले को गरियाबंद जिले से जोड़ने वाले हथखोज–चिंगरौद मार्ग पर पुल के पास गड्ढे भरने के लिए रखी गई गिट्टी से बड़ा हादसे को आमंत्रित कर रहा है। खासकर बारिश के मौसम में। जब सड़क गीली होती है तो गिट्टी में फिसल सकते है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह गिट्टी जानलेवा साबित हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### बैगलेस डे में बच्चों ने बनाए प्लास्टिक के फूल

**महासमुंद**। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला में प्रति शनिवार बस्ता विहिन शनिवार के रुप में आयोजित किया जाता है। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने बताया कि विद्यालय के वार्षिक कार्य योजना के तहत घर की सजावट को ध्यान में रखते हुए बच्चों को प्लास्टिक का फूल बनाना सीखाया गया। इस बैगलेस डे पर प्लास्टिक पन्नी से फूल निर्माण को सफल बनाने में सर्व अभिषेक सालोंमन, भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, उमाशंकर चंद्राकर, लीना पांडेय, अंजुम शेख़,संगीता परगनिया, सिराज बक्स , सुनीता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, सुचिता लकरा विशेष रूप से उपस्थित थीं। बैगलेस डे के मुख्य प्रशिक्षक संस्था के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल थे। उपरोक्त जानकारी संस्था के वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने दी है।

### देह व्यापार के आरोप में युवक-युवती गिरफ्तार



**रायपुर**। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में पिछले दिनों देह व्यापार करने के आरोप में पुलिस ने जिस युवक, युवती को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बोरियाकला के रहने वाले एक युवक तथा युवती को गिरफ्तार किया है। देह व्यापार के आरोप में पुलिस ने भूपेंद्र उर्फ गोपालू तथा एक युवती को गिरफ्तार किया है। इन लोगों द्वारा मकान किराए पर लेकर युवतियों को बुलाकर देह व्यापार कराने का आरोप है।

# सहजानंदी चातुर्मास: भगवान नेमीनाथ के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में हुए अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में विवेकसागर मसा एवं शासनरत्नसागर मसा की निश्रा में जैनों के बाईसवें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः व्याख्यान के समय विवेकसागर ने नेमिनाथ भगवान के जन्म की जैसे ही उद्घोषणा की सभी श्रावकों और श्राविकाओं ने थाली बजाकर पूरे हॉल को गुंजायमान कर दिया। मंच पर झांकी की स्थापना की गई थी, जिसमे परदा खुलते ही अंदर माता शिवादेवी और नेमिनाथ भगवान के रूप में कलाकारो ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। माता का अभिनय रुचि पारख, नेमिनाथ भगवान के बचपन का अभिनय प्रार्थना बरडिया एवं प्रियंवदा दासी का अभिनय भक्ति गोलछा ने निभाया। आज भगवान नेमीनाथ के जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में सामूहिक एकासना आयोजित किया गया था। सभी आराधकों के एकासना की व्यवस्था शांतिनाथ भवन में रखी गई थी। दोपहर को नेमीनाथ पंचकल्याणक की पूजा जैन मंदिर में रखी गई थी। रविवार को अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद द्वारा संगीतमय स्नात्र पूजा मेरू शिखर नवरावे का आयोजन किया गया था। इस स्नात्र महोत्सव में श्रावक और श्राविकाएं इंद्र और



डिककुमारी बनकर पधारे थे। इस आयोजन में पहली बार स्नात्र पूजा के साथ नाट्य प्रस्तुति भी दी गई, जिसमे माता के चौदह स्वप्नों को पाठशाला के बच्चों द्वारा नृत्य के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रदर्शित किया गया। स्नात्र पूजा के पश्चात परमात्मा की आरती, मंगलदीपक और शांति कलश किया गया। जिसका लाभ राणुलाल, इंद्रकुमार लूनिया, खरतरगच्छ महिला परिषद एवं राजिम से पधारे संजय बंगानी परिवार ने लिया। उक्त जानकारी जैन संघ से ललिता बरडिया ने दी।

### जैन समाज ने किया पौधरोपण

आगे जानकारी देते हुए संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने बताया कि श्रावण सुदी पांचम के दिन भगवान नेमीनाथ के जन्मकल्याणक एवं यति यतनलाल की आगामी 4 अगस्त को पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में संघ के अध्यक्ष राजेश लूनिया के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में जैन समाज से प्रदीप झाबक, दिलीप मालू, संजय मालू,अनिल मालू, नीरज कोचर, विकास चोपड़ा, अमित चोपड़ा, सरस्वती शिशु मंदिर के पदाधिकारी घनश्याम सोनी, संध्या शर्मा, प्रधानाचार्य देवराज वर्मा सहित शहर के अनेक नागरिक उपस्थित थे। चातुर्मास में प्रतिदिन प्रातः व्याख्यान दोपहर को स्वाध्याय एवं रात्रि को धर्म चर्चा आयोजित है। जैन संघ नगर के सभी धर्मावलंबियों से इन कार्यक्रमों में शामिल होने का अनुरोध करता है।

# एक राखी सैनिकों के नाम अभियान अंतर्गत हस्तनिर्मित राखियां बनाकर छात्राओं ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा एक राखी सैनिक भाई के नाम अभियान के तहत हस्तनिर्मित राखियां बनाई गईं, जिसे जिला संघ महासमुंद के माध्यम से राज्य मुख्यालय भेजा जाएगा। जहां से सेना मुख्यालय नई दिल्ली तक उक्त राखियां भेजी जाएगी, जिससे राष्ट्र गौरव हमारे सैनिकों का सम्मान करते हुए यह राखियां उन सैनिकों को समर्पित है, जो त्यौहार में घर नहीं आ पाते हैं। रक्षाबंधन पर्व पर बार्डर में तैनात सैनिकों की कलाइयों पर यह रक्षासूत्र बंध सकेगा/सजेगा, जो कि दीर्घायु और बेहतर स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं सहित बनाई और भेजी गई हैं। विकासखंड सचिव (स्काउट गाइड)/ शिक्षक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) के अवसर पर सेजेस सरायपाली में प्राचार्य मनोज पटेल के कुशल मार्गदर्शन में एक राखी सैनिक भाई के नाम के तहत राखी मेकिंग कंपीटिशन आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य राष्ट्र गौरव सैनिकों के सम्मान और हस्तकला/हूनर को प्रोत्साहित करना रहा।

इस प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ठ कला कौशल, सृजनशीलता का प्रदर्शन करते हुए सैनिकों के लिए आकर्षक राखियां बनाई, जिसमें प्रथम स्थान बीना पटेल एवं आशी सतपथी, द्वितीय स्थान राधिका डडसेना एवं कोमल साहू, तृतीय स्थान कोमल चौरसिया एवं कामना साहू रहीं,चतुर्थ स्थान श्रेया कुशवाहा एवं देविका साव, पंचम स्थान प्रजल बाघ एवं प्रिंस कुमार दास ने प्राप्त किया। साथ ही इसमें शामिल होने वाले सभी उत्साही प्रतिभागियों ने खूब मेहनत कर क्रिएटिव आईडिया के साथ अपने हाथों से राखियां बनाई जो शून्य निवेश पर आधारित काफ़ी आकर्षक व सुंदर है। आयोजन के लिए डीओसी द्वय लीनू चंद्राकर, अवधेश विश्वकर्मा का खूब मार्गदर्शन/ सहयोग प्राप्त हुआ तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षक श्यामसुंदर दास, विनोद कुमार चौधरी, यशवंत कुमार चौधरी, विशीकेशन नैरोजी, रश्मि राजा, गजानन प्रधान आदि सहित सेजेस स्टॉफ का योगदान रहा।

### जिले में पंचायत सचिवों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशाला

**महासमुंद**। आकांक्षी भारत सहयोग पहल के अंतर्गत पिरामल फाउंडेशन टीम द्वारा महासमुंद विकासखंड की ग्राम पंचायतों के 50 पंचायत सचिवों की सहभागिता से एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत सचिवों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पंचायत स्तर पर सहभागितापूर्ण विकास प्रक्रियाओं को सशक्त बनाना था। कार्याशाला में पिरामल फाउंडेशन का परिचय एवं राज्य शासन के साथ हुए समझौता ज्ञापन की जानकारी दी गई। एलएसडीजी (थीम आधारित सतत विकास लक्ष्य) के 9 प्रमुख विषयों की विस्तारपूर्वक चर्चा, पंचायत स्तर पर कम या बिना लागत की गतिविधियों के माध्यम से लक्ष्यों की पूर्ति पर जोर दिया गया। जीपीपीएफटी (ग्राम पंचायत योजना एवं सुविधा दल) के गठन एवं सक्रियता पर विशेष सत्र, इसकी संरचना, उद्देश्य तथा कार्यान्वयन की प्रक्रिया पर गहन चर्चा की गई। जीपीपीएफटी के सदस्यों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, सहभागी योजना निर्माण, नियमित बैठकें, विषयवार कार्ययोजना तथा समीक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर ज़ोर दिया गया। सहभागियों के लिए स्टिकी नोट एवं चार्ट पेपर के माध्यम से इंटरएक्टिव शिक्षण गतिविधि एवं फीडबैक सत्र पर चर्चा की गई।

### जिले की सहकारी समितियों में 6 हजार 517 टन खाद विक्रय के लिए शेष

**महासमुंद**। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया गया है। कलेक्टर ने सभी सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों में पॉस मशीन के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी दुकानों में अवैध भंडारण पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई करने सख्त निर्देश दिए है। अधिकारियों द्वारा लगातार खाद की उपलब्धता एवं वितरण पर निगरानी रखी जा रही है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने जानकारी दी कि जिले की सभी कृषक सहकारी समितियों से खाद प्राप्त कर सकते हैं। 1 अप्रैल से 28 जुलाई की स्थिति में जिले के सहकारी समितियों में कुल 40 हजार 309 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें से 33792 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अब तक भंडारित खाद में सहकारी समितियों में यूरिया 19 हजार 165 टन, सुपर फॉस्फेट 9 हजार 827 टन, पोटाश 2 हजार 780, डीएपी 4 हजार 934 एवं एन.पी.के 3 हजार 604 टन भंडारित किया गया है। वर्तमान में 06 हजार 517 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। जिसमें यूरिया 2 हजार 08 टन, सुपर फॉस्फेट 2 हजार 414, पोटाश 661, डीएपी 794 एवं 640 टन एनपी के खाद उपलब्ध है।

# कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी आम जनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 44 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में ग्राम पंचायत बिजरापाली तहसील पिथौरा निवासी तुलसीराम ने शासकीय भूमि एवं आबादी भूमि पर अतिक्रमण हटाने हेतु आवेदन किया, ग्राम खट्टी महासमुंद के ग्रामवासियों ने लुप्त होते वन क्षेत्र के बचाव के लिए, घोड़ारी महासमुंद निवासी भूपेंद्र चौधरी ने बंदोबस्त नक्शा त्रुटि सुधार हेतु, ग्राम जलपुर सरायपाली निवासी पद्मिनी मानिकपुरी ने गरीबी रेखा राशन कार्ड के लिए एवं ग्राम मानपुर पटेवा निवासी चुन्नीलाल ने नोनी सुरक्षा योजना के बीमा प्रमाण पत्र में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन किया। जन चौपाल में इसके अलावा अन्य मांग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# वृंदावन विद्यालय में मनाया गया नाग पंचमी पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वृंदावन विद्यालय में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि पर संस्था प्रमुख एमआरविश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा नाग देवता की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर सुजाता विश्वनाथन द्वारा नाग पंचमी का महत्व बताते हुए पौराणिक कथा सुनाई गई। वरिष्ठ शिक्षिका रेखा साहू व होमेश साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अमृता चंद्राकर, जागृति साहू, प्रवीण साहू, रिकीं कुर्रे, संध्या सोना, नीरू मांझी, सुषमा साहू, चंदना सोनी, हीना खान, दीपशिखा गायकवाड़, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण आदि का सहयोग रहा।

# विधायक ने कहा: देश के अच्छे भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा स्थानीय शासकीय डीएमएस हायर सेकंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचे। उन्होंने छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे देश में शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। इससे उन्हें कोई वंचित नहीं कर सकता है। बच्चें देश का भविष्य है, अगर वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं तो देश का भविष्य उज्ज्वल होगा।

आगे कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उत्तरोत्तर प्रगति



के नए सोपान स्थापित करें। देश के भविष्य के लिए यह जरूरी है कि युवाओं में शिक्षा का प्रसार हो। इसके लिए उनकी शिक्षा की नीव मजबूत होनी जरूरी है। इससे हमारे देश का भविष्य मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर आपको अलग अलग क्षेत्र में उपलब्धि हासिल कर अपने माता पिता, गुरुजनों, अपने शहर, राज्य एवं देश का मान बढ़ाना है।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश साहू, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा सहित आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, रामेश्वर पटवा सहित अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित थें।

# नपा उपाध्यक्ष व पार्षद ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**महासमुंद**। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नं. 16 पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर, भाजपा नेता राकेश श्रीवास्तव ने वार्ड नं. 14 व



16 की नालियों का जायजा लेते भारी बारिश में सफाई कराई। सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर मौके पर थे, उनसे कहा गया कि नाली की सफाई के लिए गर स्लेब तोड़ने की जरूरत हो तो उसे हटाकर करें। सफाई में कोताही न बरती जाए। बरसात का समय है, नालियों की गंदगी से वायरस बरसाती बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। जहां जहां नालिया जाम है उसे तत्काल खुलवायें। नाली से निकले कचरे के ढेर को भी तत्काल हटाए। सफाई की कमजोरी के कारण महासमुंद शहर सफाई रेटिंग में बहुत पीछे चला गया है। सही मानिटरिंग की जरूरत है। सफाई मैट की बैठक कर उन्हें निर्देशित करें कि नालियों की अच्छे से सफाई होनी चाहिए तथा सफाई उपरांत मलबा तत्काल हटाएं। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने इसके अलावा और भी बाकी वार्डों में सफाई का बरसते पानी में निरीक्षण किया।

### रीपा योजना में गड़बड़ी, बिरकोनी पंचायत सचिव सस्पेंड

**महासमुंद**। रीपा योजना में शासन स्तर पर जांच-पड़ताल के बाद गड़बड़ी पाए जाने के मामले में ग्राम पंचायत बिरकोनी के सचिव शंकर साहू को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जनपद पंचायत के तात्कालीन सीईओ निखत सुल्ताना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कार्रवाई के क्रम में रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने दोनों को नियत अवधि में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने रीपा योजना में अनियमितताओं की जांच की थी। जांच में नियमों की अनदेखी, भंडार क्रय नियम का उल्लंघन और तकनीकी परीक्षण के बिना मशीनें खरीदने जैसी गंभीर गड़बड़ियां पाई गई। इन गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए संभागायुक्त महादेव कावरे ने कार्रवाई के आदेश दिए। बता दें, जिले के कांपा में रीपा के तहत पेवर ब्लॉक और ब्रिक (ईंट) निर्माण यूनिट बनाई गई। यहां ब्रिक और पेवर ब्लॉक निर्माण की उपयोगिता का मूल्यांकन किए बिना ही मशीनें लगा दी गई। बिरकोनी में योजना के तहत 5.5 लाख रुपए की मिल्क चिलिंग यूनिट लगी थी। इसी तरह सेनेटरी नैपकिन, बेकरी यूनिट और फ्लाई एश ब्रिक्स मशीनें लगाई गई थीं। इंस्टालेशन के बाद से दोनों ही बंद पड़ीं हैं।

# सशिमं में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में कारगिल विजय दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर और लेखापाल टिकेश्वर उपाध्याय द्वारा भारत माता ओम एवं सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

भैया बहनों को उषा दीदी द्वारा विजय दिवस का महत्व बताया गया। मध्य में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बाल भारती अध्यक्ष मयंक ठाकुर एवं कन्या



भारती अध्यक्ष विनीता मधुकर को विशेष अतिथि को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। पश्चात भैया बहनों द्वारा गीत, भजन, कविता और भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा प्रथम के थानेश साहू और ब्लेसिंग जोसेफ द्वारा भारतीय सेना का वेशभूषा प्रस्तुत कर सेना की शहादत को याद किया गया। संचालन सांस्कृतिक प्रमुख बहन प्राची साहू ने किया। कार्यक्रम में आचार्य केयूर भूषण देवांगन, दीदी लता मानिकपुरी, त्रिवेणी यादव, माधवी यादव, संजू सिंह ठाकुर, समीक्षा चंद्राकर, रजनी थापा, लीला यादव और आया दीदी सुनीता विश्वकर्मा का प्रशंसनीय योगदान रहा।

# एक पेड़ मां के नाम, शिशु संस्कार केंद्र के बच्चों ने किया पौधरोपण

## मिनी स्टेडियम में गूंजे पर्यावरण संरक्षण के नारे, बच्चों ने लिया वृक्षों की देखभाल का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक पहल एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत शिशु संस्कार केंद्र के नन्हे विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर एक नई मिसाल पेश की। कार्यक्रम का आयोजन मिनी स्टेडियम में किया गया, जहाँ बच्चों ने प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक पौधे लगाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्तव ने बच्चों को वृक्षों के महत्व और उनके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल हमें प्राणवायु (ऑक्सीजन) देते हैं, बल्कि यह धरती की



सुंदरता, हरियाली, वर्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पेड़ मां के प्रति हमारा आभार और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं किरण निषाद, नेहा गिरी गोस्वामी, रीना राठौड़, रीना बजाज एवं उमा समद्दर का सराहनीय सहयोग रहा। उन्होंने बच्चों को वृक्षारोपण की विधि, मिट्टी की देखभाल और नियमित पानी देने के महत्व को समझाया। बच्चों ने जोश और उल्लास के साथ वृक्षारोपण के दौरान पर्यावरण सुरक्षा के अनेक नारे लगाए। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने मिलकर पौधों की देखभाल का संकल्प लिया और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का वचन भी दिया। विद्यालय परिवार द्वारा यह छोटा प्रयास पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# प्रयास विद्यालय के लिए लुकेश्वरी का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साल्हेभाठा की छात्रा लुकेश्वरी निषाद का प्रयास विद्यालय के लिए चयन हुआ है। सरपंच बनने पूर्व घोषणा के मुताबिक प्रयास स्कूल में चयन होने पर ग्राम पंचायत सरपंच डोंगरे ने लुकेश्वर निषाद को उनके सम्मान में शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि 3000 रुपए प्रदान किया। इस दौरान गणेश देवांगन, वीरेंद्र देवांगन, टिकेश देवांगन, वीपेंद्र देवांगन, रिंकू साहू, नोमेश साहू, हर्ष साहू का योगदान रहा। सावन सोमवार के अवसर पर ग्राम में रामायण कार्यक्रम के दौरान



सरपंच डोंगरे ने ग्रामवासियों को संबोधित कर वर्ष में एक नहीं बल्कि अनेक बच्चों का प्रयास विद्यालय, नवोदय विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय में ग्राम के बच्चों का चयन हो इसके लिए भरपूर प्रयास रहेगा और प्रतिभावान विद्यार्थी अच्छी पढ़ाई लिखाई कर डॉक्टर, इंजीनियर, साइंटिस्ट्स, प्रोफेसर इंजीनियर आईएएस अधिकारी बने। गांव के बेटी लुकेश्वरी निषाद का जशपुर जिले के प्रयास विद्यालय में चयन होने पर ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

## खबर संक्षेप



### सुरेश ने जामुन के 36 पौधे लगाए

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित चंडी मंदिर के नर्सरी में सुरेश अग्रवाल ने 36 राई जामुन और बरगद, पीपल, बेर के पौधे रोपित किया। इस स्वास्थ्य वर्धक पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली है। पर्यावरण प्रेमी अग्रवाल ने स्वास्थ्य संतुलन के लिए वृक्षों के रोपण और संरक्षण का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ की जिंदगी में फलदार वृक्षों का महत्व अनेक दृष्टियों से है। ये न केवल हमे फल प्रदान करते है, बल्कि पर्यावरण स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अपने संदेश में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधरोपण और संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।



### सावन के प्रारंभ से ही रुद्राभिषेक के साथ भोलेनाथ का गुणगान

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के राम जानकी मंदिर में सावन मास के प्रारंभ से ही विश्व कल्याण, सर्वजनहित एवं उत्तम जलवृष्टि के लिए रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। शिवलिंग श्रृंगार एवं विशाल पार्थिव शिवलिंग, रुद्राभिषेक व जाप शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। भगवान शिव की आरती में पुण्यलाभ अर्जित कर रहे है। जिसमें मंत्रों के जाप के साथ शिव महिमा का गुणगान किया जा रहा है। इससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शाम को श्रद्धालु पहुंच कर पवित्र आयोजन का आनंद ले रहे है। रामजानकी मंदिर आचार्य पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज ने बताया कि भगवान शिव की पूजा करने से मनुष्य के सभी संकट व अनिष्ट दूर होते हैं और सुख-शांति, वैभव व सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही उन्हें मानव धर्म के चार फल प्राप्तट होते हैं। अर्थ, धर्म, काम व मोक्ष की भी फल मिलता है। भगवान शिव ने कहा है कि जो भी कार्य करने से पहले गणपति महाराज का पूजन करते हैं उनके जीवन में यश, वैभव, कीर्ति, धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहेगी।

# रूपरेखा निर्धारण के लिए सर्व आदिवासी समाज की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में 9 अगस्त को पिथौरा में एक भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए बैठकों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए सर्व आदिवासी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई अहम प्रस्ताव पारित किए गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष कार्यक्रम में पारंपरिक आदिवासी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की जाएगी। इसके अंतर्गत आंगादेव बस्तर एवं प्रयास म्यूजिकल बागबाहरा की विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगी।कार्यक्रम की शुरुआत नगर में भव्य जुलूस के साथ होगी, जिसमें पारंपरिक वाद्य यंत्रों और नृत्य दलों की झलक देखने को मिलेगी। मंचीय कार्यक्रम में समाज प्रमुखों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, सांसद, मंत्री, विधायक एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सत्कार और विचार उद्बोधन भी शामिल रहेगा। सम्मान समारोह के अंतर्गत समाज के उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें समाजसेवी, सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी, उत्कृष्ट शिक्षक एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राएं प्रमुख हैं। यह आयोजन आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान, एकता, परंपरा और योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में प्रेरक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

**बैठक में शामिल प्रमुख सदस्य**

रूपरेखा तय करने इस बैठक में मनराखन ठाकुर, केडी नाग, भूषण सूर्यवंशी, ठाकुर राम ध्रुव, चंद्र कुमार ठाकुर, तुलाराम सोरी, हरि नेताम, नरेंद्र ठाकुर, निरंजन सिदार, कार्तिक बरिहा, दिनेश कलसा, आलेख भोई, भागीरथी ध्रुव, अनूप ध्रुव, प्यारे खड़िया, दशरथ बरिहा, तुलसी दीवान, जगबंधु कोंध, सिरामन ध्रुव, परिमल कश्यप, मूलचंद बरिहा, टीए ध्रुव, सुरेन्द्र बरिहा, खामू ठाकुर सहित समाज के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

# खुंटेरी स्कूल में खेल कलेवा का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी के विद्यालय प्रांगण में स्वस्थ किशोरावस्था के लिए खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खेल और सुपोषण ले स्वस्थ होही हर लइका, समृद्ध छत्तीसगढ़ के बनहीं आधार की थीम को साथ लेकर फाइनल माइन एवं यूनिसेफ मुंबई से अनिता और सृष्टि विशिष्ट अतिथि और मार्गदर्शक के रूप में खेल कलेवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। मुख्य अतिथि सुशीला माँझी सरपंच खुटेरी एवं विशिष्ट अतिथियों के करकमलों से मां सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण पूजन वंदन और विद्यालय के बच्चों द्वारा वंदना और स्वागत नृत्य के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।



सर्वप्रथम यूनिसेफ के तरफ से स्वाति ने प्रोजेक्ट का परिचय कराया गया। सरपंच अनिता और उनकी टीम ने माताओं द्वारा बनाये गए पकवान का अवलोकन किया गया। और गुणवत्तापूर्ण पकवान बनाने वाली माताओं में गायत्री साहू को प्रथम, उमा सिन्हा द्वितीय और सुशीला ध्रुव तृतीय स्थान पर पुरस्कृत किया गया। वैभवी मोयल, देवाशीष, प्रीति, जूही, रमेश ने बच्चों को रोचक क्षमता टेस्टिंग वाला खेल खेलाए। जिसमें आरती साहू प्रथम, निकिता पटेल द्वीतीय, विद्या ध्रुव तृतीय स्थान को पुरस्कृत किया गया। चित्ररेखा साहू ने माताओं के व्यंजनों में उपलब्ध तत्वों पर प्रकाश डाला। संगीता साहू ने हमारे आसपास के व्यवहार में उपलब्ध पोषक तत्वों के प्रयोग को छत्तीसगढ़ी में रोचक ढंग के प्रस्तुत की। अनिता ने यूनिसेफ के माध्यम से एनीमिया के विरुद्ध चलाए जा रहे इस अभियान का समर्थन कर सफल बनाने जनता का आह्वान कर ग्राम खुटेरी में किये गए इस वृहत आयोजन के लिए आभार माना। 8 माताओं व 24 चिन्हित विभिन्न आयुवर्ग के बच्चों की सहभागिता के लिए इस अभियान में सर्वेकर्ता के रूप में शिक्षक डोलामणि साहू (कार्यक्रम संचालन), नरसिंग पटेल(समन्वय) और अनिता बरिहा ने अपनी भूमिका निभाई। पूरे कार्यक्रम को लीड करते हुए सरपंच के साथ-साथ उपसरपंच गेसराम पटेल, पंचगण नारायण ध्रुव, रमेश बरिहा, मंजू ठाकुर, भोजकुमारी पटेल, रवीना ध्रुव, आरती सिन्हा अध्यक्षद्वय महेश ध्रुव, हंसराज निषाद, प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल सहित शिक्षक अभिनंदन नाग, कुमुदिनी बरिहा, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव ने अपना योगदान दिया। अतिथि दीर्घा में विशेष रूप से पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी, शिक्षाविद पूर्व उपसरपंच चंचल सिन्हा, समन्वयक रोहिणी कुमार देवांगन, विश्वनाथ माँझी, कृष्णकुमार ध्रुव, दशरथ साहू, सुकलाल बरिहा, प्रीतम बरिहा के संग ग्रामीणजन चैनसिंह श्याम, सुखरू माँझी, मनीराम साहू, लक्ष्मण साहू, मोहन सेन, डिग्रीलाल, लेखराम, लक्ष्मी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे लगती है ठेला व दुकानें वाहन चालकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम नर्रा स्थित पानी टंकी चौक से कोकडी पहुंच मार्ग किनारे में ठेला, खोमचे व सब्जी की दुकानें लगती है, इससे चार पहिया वाहन चालकों को आने जाने में परेशानी होती है। ज्ञात हो कि शाम होते ही आसपास गांवों के ग्रामीणजन समानों के लिए खरियार रोड जाने के लिए निकलते है। जिसके चलते इस चौक में भीड़ सी लग जाती है।



कोमाखान से खट्टी मार्ग, नर्रा से कोकड़ी मार्ग है। इस चौक से हाई सेकंडरी हाई स्कूल सरस्वती शिशु मंदिर तथा प्रा.साख सहकारी समिति को जोड़ती है। इस मार्ग के किनारे अनेक ठेले व सब्जी के दुकानें लगी रहती है। मुख्य वजह मोड़ के कारण खाद से भरे ट्रक को आने जाने में परेशानी होती है। इस तरह जब राज्य सरकार समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी उपार्जन केंद्र में की जाती है, जब धान का उठाव व परिवहन के समय धान से भरे वाहन के ड्राइवरों को निकालने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर शाम होते ही अत्यधिक मोटर साइकिल वाहन चलती है। इससे हादसे का भय बना रहा है।

# शनिवार को स्कूल का समय बदलने पर छग टीचर्स एसोसिएशन ने जताया ऐतराज, सुधार की मांग

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए समय सारिणी में शनिवार की शाला संचालन का समय सुबह 10 बजे से 04 बजे तक किए जाने पर विरोध करते हुए कहा कि शनिवार को शाला का संचालन पूर्व की भांति प्रातः 7:30 से 11:30 तक किया जाना चाहिए। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि शनिवार प्रातः स्कूल होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना करे योग- रहे निरोग की सुचारू एवं लाभदायक गतिविधियों का संचालन होता है। 10 बजे से शाला संचालित करने पर बच्चे योगाभ्यास से दूर हो जाएंगे। प्रातःकालीन समय व्यायाम, योगभ्यास, खेलकूद के लिए प्रासंगिक ही नहीं होता है वरन स्वास्थ्य जीवन के लिए भी अतिश्रेयस्कर होता है। इसी प्रकार नई समय सारिणी में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत मध्यान्ह भोजन खिलाया जाता है, जिसका समय सभी शालाओं में 1:10 बजे हुआ करता था। जिसे बदलकर प्राथमिक शालाओं के लिए 1:45 बजे से कर दिया गया है। जबकि, माध्यमिक शालाओं के बच्चों को पूर्व की भांति 1:10 बजे ही मध्यान्ह भोजन दिया जाएगा। प्राथमिक शाला के नन्हे बच्चों को लगभग 1 घंटे अतिरिक्त समय तक भूखा रखने का कोई विशेष कारण समझ नहीं आता है। एसोसिएशन ने कहा कि नए दिशानिर्देश के कारण मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइया को भी अब अलग अलग 2 बार वितरण का कार्य करना पड़ेगा, जिससे अकारण ही मध्यान्ह भोजन प्रभारी एवं रसोइयों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी रहेगी। इसी प्रकार लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी समय सारिणी में मतभेद है। बैगलेस डे के विस्तृत दिशा निर्देश में प्रति शनिवार छात्र-छात्राओं के लिए बैगलेस डे रहेगा ऐसा लिखा गया है। जबकि, समय सारिणी जो प्राथमिक, माध्यमिक शालाओं के लिए अलग अलग बनाई गई है उसमें प्रथम व तृतीय शनिवार को सामान्य दिनों की तरह कक्षाएं लगेंगी एवं द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को बैगलेस डे का रहेगा ऐसा लिखा गया है। इस प्रकार विभाग द्वारा शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है। एसोसिएशन प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान, प्रांतीय महासचिव शोभा सिंहदेव, प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, प्रांतीय प्रचार मंत्री केशवराम साहू, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंदकुमार साहू, कोषाध्यक्ष विजय प्रधान, जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पुष्पलता भार्गव, लालजी साहू, लोरिश कुमार, जिला उपाध्यक्ष खिलावन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, गजेंद्र नायक, ललित साहू, पवन साहू ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए समय सारिणी वापस लेने की मांग की है।

# बलिदान देने वाले सैनिक केवल योद्धा नहीं बल्कि हमारी असली प्रेरणा : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में कारगिल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के पूजन से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अनुसूया अग्रवाल ने स्वागत भाषण की कड़ी में छात्रों को देशभक्ति, कर्तव्य निष्ठा और सेवा भावना के लिए प्रेरित किया और कहा कि आज का यह दिन हमें याद दिलाता है कि देश के लिए बलिदान देने वाले सैनिक केवल योद्धा नहीं बल्कि हमारी असली प्रेरणा है। हमें अपने जीवन में भी ऐसा कुछ करना चाहिए, जिससे देश को हम पर गर्व हो। छात्र जीवन केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्र निर्माण में आपकी भूमिका अहम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय में कार्यरत लैब टेक्नीशियन भूतपूर्व सैनिक शेषनारायण साहू का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत, अभिनंदन एवं सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया और बताया कि किस तरह से अनुशासित होकर हम देश की सुरक्षा व एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रो. प्रतिमा चंद्राकर हिंदी, रवि देवांगन अर्थशास्त्र, तरुण कुमार बांधे वाणिज्य, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर समेत समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम, प्रमाण पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे के निर्देशन, विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र प्रो. मालती तिवारी एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र दिलीप कुमार बढ़ाई सहायक प्राध्यापक की उपस्थिति में नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत एमए द्वितीय सेमेस्टर समाजशास्त्र में इंटर्नशिप कार्यक्रम सामाजिक क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण सामाजिक संस्थाओं में संपन्न होने पर छात्रों को प्रमाण पत्र वितरण एवं संबंधित संस्था से आए अतिथियों का सम्मान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं पूजा अर्चना से हुई। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ और बैच से किया गया। विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र दिलीप कुमार बढ़ाई सहायक प्राध्यापक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य एवं इंटर्नशिप कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो.करुणा दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इंटर्नशिप प्रोग्राम के अंतर्गत विद्यार्थी सामाजिक क्षेत्र की विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त के सकेंगे। साथ ही उनमें सामाजिकता का विकास होगा। विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र प्रो. मालती तिवारी ने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रोग्राम से प्राप्त अनुभवों का उपयोग अपने अध्ययन में करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# स्काउट-गाइड विद्यार्थियों के हाथों से बनी राखियां सजेंगी वीर सैनिकों की कलाइयों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रक्षाबंधन के पर्व पर स्कूली और स्काउड-गाइड सदस्यों द्वारा बनाई गई राखियां देश के वीर सैनिकों के कलाईयों पर सजेंगी। शासकीय राम उच्च प्राथमिक शाला में राखियां बनाई गई। जिला स्तर पर इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर एवं जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू द्वारा जिले के समस्त विद्यालयों में राखी निर्माण के लिए विशेष अपील की गई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप यह रचनात्मक कार्य हुआ। विद्यार्थियों ने चावल, मौली धागा, मोती और रंगीन रिबन जैसी पारंपरिक सामग्रियों से रचनात्मकता और भावनाओं से भरपूर



राखियां तैयार कीं। इन राखियों के साथ छत्तीसगढ़ की पावन माटी (तिलक के लिए), रोली व चंदन भी भेजे जाएंगे। ताकि, सैनिकों को यह महसूस हो कि छत्तीसगढ़ का हर बच्चा, हर नागरिक उनके साथ है। इस संपूर्ण गतिविधि का मार्गदर्शन गाइड कैप्टन लीनू चंद्राकर के द्वारा किया। प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, शिक्षिकाएं लक्ष्मी मानिकपुरी, गीता गोस्वामी एवं शिक्षक किशोर देवांगन ने पूरे समर्पण से सहयोग प्रदान किया। निर्मित राखियाँ एवं सामग्री को जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के माध्यम से राज्य मुख्यालय, भारत स्काउट एंड गाइड रायपुर छत्तीसगढ़ भेजा जाएगा, जहां से इन्हें उचित माध्यम से देश के वीर सैनिकों तक पहुंचाया जाएगा। यह संपूर्ण प्रयास विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सृजनशीलता और सेवा-भाव के विकास के लिए एक प्रेरणादायी कदम है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय मेगा आंकलन शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समग्र शिक्षा एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय मेगा आकलन शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में पात्र चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र और सहायक सामग्री वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्कूलों में दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा को विशेष महत्व देने और हर सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

अपर कलेक्टर रवि साहू ने कहा कि दिव्यांगता जीवन में बाधा नहीं है दृढ़ संकल्पित होकर पढ़े लिखे तो हर ऊंचे पदों पर मन वांछित स्थान पर अपना स्थान बना सकते हैं। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों की संपूर्ण जांच एवं आकलन किया गया। इस टीम में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मानस अंकुर सतपति, श्रवण बाधित विशेषज्ञ डॉ. ओमकेश्वरी साहू, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद गुप्ता, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मंजूषा चंद्रसेन एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. टिकेश्वरी गोस्वामी सम्मिलित थीं, जिन्होंने अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से शिविर को सफल बनाया।



कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, एपीसी डीएन जांगड़े के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन खेमिन साहू ने किया। आभार प्रदर्शन जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुंद ने किया। इस विशेष शिविर में महासमुंद जिले के पांचों विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली से 173 से अधिक दिव्यांग बच्चे, उनके पालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। इनमें से 110 बच्चों की विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई, जिनमें से पात्र पाए गए बच्चों को प्रमाण पत्र तत्काल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह, बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरपी अनीता निर्मलकर, रंभा जायसवाल, राकेश कुमार, निर्मल, अवधेश यादव, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, डिम्पल जांगड़े, सुखदेव, अंकित, संकुल समन्वयक आशीष साहू, नीरज साहू, सुरेश पटेल, पवन साहू, ईश्वर कमार, गणेश टंडन, टाकेश्वर साहू, केशव साहू एवं शिक्षकों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। यह शिविर समावेशी शिक्षा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा, जिससे दिव्यांग बच्चों के अधिकारों और उनके बेहतर भविष्य की दिशा में ठोस पहल सुनिश्चित हुई।

# विभिन्न विभागीय योजनाओं की गई समीक्षा

## जिला कृषि स्थायी समिति की प्रथम बैठक हुई

**महासमुंद।** जिला कृषि स्थायी समिति की प्रथम सोमवार को उपसंचालक कृषि कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता कृषि स्थायी समिति की सभापति देवकी दीवान ने की।

बैठक में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं प्रगति का प्रस्तुतीकरण समिति के समक्ष किया गया। बीज एवं उर्वरक वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सदस्यों



ने सुझाव दिया कि डीएपी के स्थान पर एनपीके व एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को अपनाने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाए। सदस्यों ने निर्देशित किया कि जहां भी प्रशिक्षण, प्रदर्शन या अन्य कृषि संबंधी कार्यक्रम आयोजित हों, उसकी जानकारी समिति के सदस्यों को पूर्व में अनिवार्य रूप से दी जाए। उद्यानिकी विभाग को कृषकों के लिए नर्सरी भ्रमण कार्यक्रम संचालित करने और किसानों को धान के विकल्प के रूप में दलहन, तिलहन, मक्का एवं रागी की खेती के लिए प्रेरित करने के लिए प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया नाग पंचमी पर्व

**खरोरा।** नाग पंचमी पर ग्राम खरोरा में रेत पर नाग देवता बनाकर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर ममता, लीना, मीना, उत्तरा, कृष्ण, देवकी, दुर्गा, रेखा चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में सावन महीने को बहुत ही पवित्र माना गया है और इस महीने में आने वाले सभी व्रत और त्योहारों का महत्वपूर्ण होते हैं। इस साल सावन महीना में नाग पंचमी का पर्व 29 जुलाई को मनाया गया और भगवान महादेव के गले के श्रृंगार कहे जाने वाले भगवान नाग देवता की पूजा-अर्चना की जाती है।

### तुलसी जयंती पर परिचर्चा कल

**महासमुंद।** साहित्य समिति आस्था के संयोजन में तुलसी जयंती पर परिचर्चा-तुलसी साहित्य में लोक मंगल का आयोजन 31 को अपरान्ह 3 बजे स्थानीय वृंदावन विद्यालय (पुराना भवन) में किया गया है। साहित्यकार एस. चंद्रसेन इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगी व समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक सभा की अध्यक्षता करेंगे। वृंदावन विद्यालय संचालक सुजाता विश्वनाथन व एमआर विश्वनाथन ने इस आयोजन में सभी साहित्य प्रेमियों की उपस्थिति की अपेक्षा जताई है। यह जानकारी टेकराम सेन चमक ने दी है।

### निधन



**जोहत्री साहू**

**महासमुंद।** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम लाफिनकला निवासी जोहत्री साहू (30) का निधन हो गया। वे शिवकुमार साहू की पत्नी थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

---

**बैठक : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा बैठक, खाद व्यवस्था को लेकर की चर्चा**

# जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनबाड़ी और छात्रावास संचालन नहीं किया जाए, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जर्जर भवनों के चलते नौनिहालों के काल

- **आवारा पशुओं को सीएमओ और जनपद सीईओ अभियान चलाकर मुख्य मार्ग से हटाएं**

के गाल में समाए जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जर्जर भवनों, आंगनबाड़ियों और छात्रावासों में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित नही की जाएं। कलेक्टर लंगेह की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के दौरान जिले के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और इस निर्देश को तत्काल लागू किए जाने की बात कही है।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान किए गए घोषणाओं को प्राथमिकता से क्रियान्वित करें। सरायपाली, खल्लारी में किए गए घोषणाओं की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का मॉनिटरिंग अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। अतः सभी विभाग अपने प्रत्येक माह की उपलब्धियों की जानकारी पोर्टल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। साथ ही उच्च कार्यालय का भेजना भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बहुद्देशीय केंद्र, आयुष्मान कार्ड वितरण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से





**छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह के लिए दिए निर्देश**

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती समारोह की तैयारी को लेकर निर्देश जारी करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्देशानुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और शीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि 16 अगस्त से 31 मार्च तक रजत जयंती समारोह के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें राज्य स्थापना के पश्चात विकास और उपलब्धियों की सफर को रेखांकित जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सड़कों पर आवारा मवेशियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने नगरीय निकाय और जनपद सीईओ की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश देते हुए कहा कि निरंतर अभियान चलाकर इस पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए। उन्होंने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि खाद भंडारण और वितरण की निरंतर समीक्षा करते हुए सोसायटियों में भंडारित खादों को किसानों को वितरण सुनिश्चित किया जाए। निजी संस्थानों में ओवर स्टॉक होने पर कार्रवाई करें। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं विक्रय की शिकायतों पर निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

तालमेल के साथ कार्य करने कहा।

प्रधानमंत्री आवासों की समीक्षा की और निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में निर्माण कार्य बाधित न हो, हर हितग्राही को समय पर लाभ मिले। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करने को कहा। वहीं मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत गांवों में पेयजल स्रोतों की सफाई, खुले में गंदगी की रोकथाम और स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने जनभागीदारी से बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा एवं इंजेक्शन वेल की जानकारी ली। जिले में अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना की आवासों में 8265 एवं अन्य स्थानों पर 5 हजार सोख्ता गड्ढे बनाए गए है। जबकि, बंद पड़े बोर के जल संरक्षण के लिए 178 इंजेक्शन वेल का निर्माण किया गया है। कलेक्टर ने इस अभियान को निरंतर चलाने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान जर्जर भवनों में स्कूल, आंगनवाड़ी अथवा हॉस्टल संचालन नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक तौर पर ऐसे भवनों को छोड़कर सामुदायिक या अन्य शासकीय भवनों में संचालन किया जाए। साथ ही जर्जर भवनों के डिस्मेंटल करने की कार्रवाई किया जाए।

बैठक में राजस्व प्रकरणों और समय-सीमा पत्रकों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जनता से जुड़े प्रकरणों को समय पर और प्राथमिकता से हल किया जाए। साथ ही सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत फाइल मूव करने और प्रशासनिक प्रक्रिया को डिजिटल रूप से मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

---

## झिटकी के लोगों ने हॉस्टल निर्माण को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत वार्षिक योजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन द्वारा महासमुंद जिले के बागबाहरा विखं के ग्राम मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण के लिए कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।





इस संबंध में आवेदन कलेक्टर को सौंपकर हास्टल निर्माण कराने की मांग की। सरपंच कौशिल्या पटेल, उपसरपंच रेखराम दीवान, लेखमणी पटेल, संतोष पटेल, नूतन पटेल, बलदाउ, निहाल आदि पोखन महानंद, नंद कुमार ठाकुर, दशरथ ठाकुर इत्यादि ने कहा कि मुड़पार में हास्टल निर्माण कराने झिटकी पंचायत के आश्रित ग्राम मुड़पार में बनाया जाना प्रस्तावित हुआ है।

## पटपरपाली में महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली (कोमाखान)

ग्राम पंचायत पटपरपाली सरपंच लता कमलेश टांडेय द्वारा पंचायत परिसर में पवित्र श्रावण मास के अवसर पर सोमवार को सावन महोत्सव का आयोजन उत्साह और रंगारंग अंदाज में किया गया। इस आयोजन में पंचायत की सभी महिला पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भाग लिया और विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव चालीसा पाठ, दीप प्रज्वलन और बेलपत्र, पुष्पांजलि अर्पण के साथ हुई, जिसके बाद सावन के गीतों पर नृत्य और संगीत की प्रस्तुति ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। महिलाओं ने पारंपरिक भारतीय परिधानों में सजधजकर हरियाली और प्रकृति के सौंदर्य को जीवंत कर दिया। सावन मास शिव-पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक माना जाता है और यह आयोजन भी उसी भावना के अनुरूप रहा।

रिमझिम बारिश के मौसम के बावजूद महिलाओं ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया। इस आयोजन में विशेष रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव व मीना साहू के साथ ही



ग्रामवासियों का भी पूरा सहयोग मिला। पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कहा कि मान्यता है जो भी व्यक्ति सावन के सोमवार को व्रत रखते हैं और शिव परिवार की पूजा करते हैं, उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही भगवान शिव और मां पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इस दिन व्रत कथा का पाठ अवश्य करना चाहिए। इस सामूहिक पूजन से गांव में एकता और धार्मिक भावना का संचार होता है। महिलाओं द्वारा किए गए इस आयोजन से सभी लोग अत्यंत प्रसन्न हैं। इस अवसर पर पटपरपाली सोसायटी अध्यक्ष कमलेश कुमार टांडेय, पंचायत सचिव बेदनाथ देवांगन, तकनीकी सहायक अधिकारी मोनिशा ध्रुव, रोजगार सहायक एसराम साहू, पटपरपाली प्राथमिक शाला अध्यापिका ज्योति मेश्राम, उपसरपंच चैतराम साहू, थलेश्वरी साहू, हवंत्त साहू, हेमलता साहू, मुकेश गुप्ता, सुनीता साहू, रामचंद्र यादव, कल्पना तिवारी, धानबाई साहू, कांति साहू, मोहन साहू, धनाऊ साहू, मनोज साहू, मुकेश साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गमला यादव, मीना साहू आदि मौजूद रहे।

## महिलाएं कर रही शिवभक्ति में मिसाल कायम...



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम भोरिंग की महिलाएं शिवभक्ति को लेकर एक मिसल कायम करती नजर आ रही है, जो महिलाओं में डर एवं साहस का प्रतीक कायम कर रही हैं। वे यह परंपरा पिछले 10 सालों के निभाती आ रही है। बेटियों की शादी हो जाने के बावजूद कांवर यात्रा में शामिल हुईं। वहीं छोटे भाई भी उनको देख प्रेरित हो रहे है और अपने परिवार के साथ बम्हनेश्वर नाथ महादेव मंदिर से जल लेकर सिरपुर स्थित गंधेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना कर अपने परिवार की सुख समृद्धि एवं क्षेत्र के प्रगति की कामना को लेकर हर साल सावन में कांवर लेकर 48 किलोमीटर की यात्रा तय कर रहे है।

## बारिश होती रही, लेकिन नहीं रुकी कांवरियों की सेवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम बम्हनी में शनिवार के दिन कांवरियों के सेवा भाव को लेकर युवाओं में उत्साह भरपूर देखने को मिला। बारिश होती रही लेकिन कांवरियों के लिए के लिए चाय बिस्कुट का वितरण चालू रहा। ये दृश्य दर्शाता है कि अब युवा वर्ग भी कांवरियों को किसी भी असुविधा का सामना नहीं होने देंगे, जो आने समय की एक मिशाल साबित होगी।

## बेलसोंडा में हुआ खेल कलेवा कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत बेलसोंडा में सोमवार को किशोरों में एनीमिया की रोकथाम और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष खेल कलेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनिसेफ और एनआईटी रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को जिला प्रशासन महासमुंद का भी सहयोग मिला।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई। बेलसोंडा विद्यालय परिसर में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरों को सही पोषण, विविध आहार, खेल के महत्व और संवाद के माध्यम से जागरूक करना था। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में इन विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में माताओं और छात्रों ने उत्साहपूर्वक खेल कलेवा में भाग लिया।

हुलसी ने महिलाओं से कहा कि अपने बच्चों का किशोरावस्था में विशेष रूप से पोषण आहार के साथ व्यवहार का भी ध्यान रखने की जरूरत है। चूंकि, ये यह 14 से 17 के किशोरावस्था में बच्चों की समझ नाजुक होती है। अपने बच्चों के आचरण में परिवर्तन दिखता है या अकेलापन रहता है तो उसे प्यार से पूछ कर समस्या जानने की कोशिश करें, ना कि डांटे फटकारें। डराने से गलत क़दम भी बच्चे उठा लेते हैं। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पालकों द्वारा विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। पौष्टिकता व्यंजन का गुणवत्ता का चयनित कर तीन माताओं को पुरस्कृत किया गया। 24 किशोरावस्था बालक बालिकाओं का चयनित कर उन्हें मेनू चैट दिया गया। जिसमें प्रतिनिधि का पोषक आहार चैट में भरेंगे। जिसका हर हफ्ते यूनिसेफ वा महिला बाल विकास विभाग से मोनीटरिंग भी होगा। कितना पोषण में कितना बदलाव हो रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल में बेलसोंडा की सरपंच प्रीति धीवर, पंच सरिता देवांगन और गांव की कई प्रतिष्ठित महिलाओं आदि मौजूद रहे।

### महाविद्यालय में संकटग्रस्त बाघ संरक्षण के लिए जागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन भूगोल परिषद व सूक्ष्म जीव विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संस्था के प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया। इस जागरुकता कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, डॉ. श्वेतलाना नागल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, ओंकार प्रसाद साहू,अरविंद साहू ने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाघ संरक्षण के लिए किया जा रहे प्रयास, रेड डाटा बुक और संकटग्रस्त बाघ को बचाने, वन्य जीवों की तस्करी और बाघों की घटती संख्या, उनकी शिकार और तांत्रिक क्रियाओ में उनके शरीर की विभिन्न अंगों को इस्तेमाल की रूढ़िवादी- घृणित कृत्य पर सख्त कानूनी और सजा का प्रावधान को बताया गया। महाविद्यालय की छात्राओं नंदिनी, पुष्पा, मोहिनी, दिव्या, लक्ष्मी, योगेश्वरी, हिमांशी, गरिमा, सरिता, मोनिका, पल्लवी, डिगेश्वरी, योगेश्वरी, मधु, मानसी, यामिनी, खुशबू, किरण, मीणा, अनिता, वेदिका, कमलेश्वरी, झरना, सरिता, दर्शिता ने जागरुगता नारे तथा संरक्षण पर लेख प्रस्तुत किया। बाघ संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर किए जा रहे प्रयास और दिवस मनाने के उद्देश्य 29 जुलाई अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरुआत को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम का संचालन जगदीश प्रसाद खटकर भूगोल विभाग ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण और स्टाफ उपस्थित रहे।

## मंडल सेक्टर जोन के गठन के लिए हुई बैठक, अमरजीत बनाए गए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य मंडल सेक्टर जोन के गठन की रूपरेखा तय करना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरजीत चावला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन बघेल की अध्यक्षता में विशेष अतिथि निखिलकांत साहू नगरपालिका अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

बैठक में चावला के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने का लक्ष्य तय किया गया है। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक मंडल, सेक्टर में स्थानीय स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की एक संगठित टीम गठित की जाएगी, जो जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान के साथ-साथ पार्टी की नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगी। साथ ही यह संरचना आगामी चुनावों की तैयारी में भी एक निर्णायक भूमिका निभाएगी। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन बघेल ने जानकारी दी कि अमरजीत चावला की नियुक्ति अनुभव और नेतृत्वक्षमता, कार्यक्षमता के आधार पर की गई है। संगठन को विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मंडल सेक्टर जोन एक प्रभावशाली और सक्रिय संगठनात्मक ढांचे के रूप में उभरेगा। निखिलकांत साहू ने अपनी बात कही कि मंडल सेक्टर जोन के गठन को लेकर अमरजीत चावला के नेतृत्व में जो बैठक संपन्न हुई, वह संगठनात्मक दृष्टिकोण से एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण पहल थी। यह न केवल क्षेत्रीय राजनीतिक संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में एक सुदृढ़ कदम है, बल्कि इससे स्थानीय कार्यकर्ताओं को अधिक संगठित और जवाबदेह बनाने का अवसर भी प्राप्त होगा। बैठक में अमरजीत ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया कि संगठन की जड़ें तभी मजबूत होंगी, जब हर स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को स्पष्ट दिशा, उचित मंच और सहभागिता प्राप्त हो। मंडल सेक्टर जोन का गठन इसी सोच को साकार करने की दिशा में एक रणनीतिक



प्रयास है, जिससे क्षेत्रीय मुद्दों का समाधान स्थानीय स्तर पर त्वरित रूप से किया जा सकेगा। इस बैठक के माध्यम से यह भी स्पष्ट हुआ कि चावल की नेतृत्व क्षमता केवल संगठन के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि वह कार्यकर्ताओं की सामाजिक, राजनीतिक एवं वैचारिक भूमिका को भी नई दिशा देने में सक्षम हैं। उनका यह प्रयास आने वाले समय में संगठन को ज़मीनी स्तर पर अधिक मज़बूती प्रदान करेगा और जनसंपर्क एवं जनसेवा के कार्यों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सकेगा। यह बैठक केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर, संगठन के नवाचार और विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगी। अमरजीत के कुशल नेतृत्व में मंडल सेक्टर जोन की नींव आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति में एक नया आयाम स्थापित करेगा। चावला ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी के इस निर्णय के लिए आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि संगठन को निचले स्तर तक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। पार्टी की विचारधारा को जनमानस तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। बैठक में अमरजीत चावला पूर्व प्रभारी महामंत्री एवं पूर्व जिलाअध्यक्ष, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई अध्यक्ष, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर प्रदेश महामंत्री, लक्ष्मी देवांगन सदस्य छत्तीसगढ़ शासन, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल अध्यक्ष, वीरेंद्र चंद्राकर, भारत सिंह ठाकुर, पार्षद मुस्ताक खान, अरिन चंद्राकर, नारायण नामदेव, डॉ.तरुण साहू, मिंदर चावला, कपिल साहू, तबरेज खान, देवेश शर्मा, राजेश नेताम, गोपीचंद तारक, सुनील चंद्राकर, तुलसी साहू, सुल्तान बागड़ी, नुकेश महंत, दसोदा ध्रुव, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेके, खुशबू विश्वकर्मा,जय पवार, सतीश कन्नौजे, मनोहर ठाकुर, रवि साहू, प्रकाश अजमानी, सुरेंद्र ठाकुर, आकाश निषाद, रवि ध्रुव, जुगल किशोर शर्मा, चंद्रेश साहू, रत्नेश साहू, सन्नी महानंद, बसंत चंद्राकर, गंगा प्रसाद, पुरुषोत्तम दास, तुलसी देवदास, भानू सोनी आदि उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 2 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411